


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 12 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 123 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# आतंकवाद पूरी मानवता के लिए खतरा

## पीएम मोदी का ऐलान-जर्मनी-भारत मिलकर इससे लड़ेंगे, दोनों देशों के बीच हुए कई समझौते



● बदलती वैश्विक व्यवस्था में स्वतंत्र और सुरक्षित दुनिया चाहते हैं-चांसलर मर्ज

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की उपस्थिति में भारत और जर्मनी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। भारत और जर्मनी इसके विरुद्ध एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ाई जारी रखेंगे। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए G4 के माध्यम से हमारा संयुक्त प्रयास इसी सोच का प्रमाण है। आज हमने यूक्रेन और गाज़ा सहित कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है और इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज़ का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। हम रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक रोडमैप पर भी काम करेंगे, जिससे सह-विकास और सह-उत्पादन के नए अवसर खुलेंगे। भारत और जर्मनी के बीच तकनीकी सहयोग प्रति वर्ष मजबूत हुआ है और आज इसका प्रभाव जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत और जर्मनी की प्राथमिकताएं समान हैं। चांसलर मर्ज़ की ये यात्रा एक विशेष समय पर हो रही है। पिछले वर्ष हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष भी मना रहे हैं। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि जर्मनी ऐसी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन करता है, जिसमें सभी देश स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से रह सकें। चांसलर मर्ज ने कहा कि दुनिया की व्यवस्था तेजी से बदल रही है, जहां बड़ी ताकतों की राजनीति और प्रभाव क्षेत्रों का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामक कार्रवाई इस बदलाव का सबसे गंभीर उदाहरण है।

### पीएम मोदी कार डिप्लोमेसी



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर की खास तस्वीर सामने आई है। पीएम मोदी की इस तस्वीर को कार वाली डिप्लोमेसी माना जा रहा है। भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा इस तस्वीर से मोदी-मर्ज के व्यक्तिगत रिश्ते की गर्मजोशी की झलक भी मिली। पीएम मोदी ने इससे पहले मर्ज को भारतीय संस्कृति के अलग-अलग पहलुओं से रूबरू कराया। जर्मन चांसलर के पहले भारत दौरे पर उनकी अगवानी गुजरात में की गई। यहां मर्ज ने पहले साबरमती में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया।*

## यूपी में 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश का ऐलान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह निर्णय एक आधिकारिक अधिसूचना




के माध्यम से जारी किया गया है और सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और राज्य द्वारा संचालित प्रतिष्ठानों पर लागू होता है। अधिसूचना के अनुसार, सभी राज्य सरकारी विभाग, स्कूल और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान बंद रहेंगे। गौरतलब है कि मकर संक्रांति का त्योहार देश भर में 14 जनवरी के बजाय 15 जनवरी को मनाया जा रहा है।

# इलेक्शन कमिश्नर्स की नियुक्ति पर केन्द्र को नोटिस

● सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से भी मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 के एक महत्वपूर्ण प्रावधान को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए गंभीर संवैधानिक चिंता व्यक्त की। याचिका में तर्क दिया गया है कि नया कानून मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) को उनके आधिकारिक कर्तव्यों के दौरान किए गए कार्यों के लिए किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही से अभूतपूर्व, आजीवन प्रतिरक्षा प्रदान करता है। याचिकाकर्ता के अनुसार, विधेयक में निहित प्रतिरक्षा प्रावधान संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करता है और जवाबदेही के सिद्धांत को कमजोर करता है।
याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया, विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त



और चुनाव आयोग को ऐसी अभूतपूर्व प्रतिरक्षा प्रदान नहीं कर सकता जो संविधान निर्माताओं ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी।
संसद ऐसी उच्च प्रतिरक्षा प्रदान नहीं कर सकती जो संविधान निर्माताओं ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों को नहीं दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उठाई गई चिंताओं पर ध्यान दिया और संकेत दिया कि इस मुद्दे पर गहन न्यायिक जांच की आवश्यकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'हम इसकी जांच करना चाहेंगे। हम नोटिस जारी कर रहे हैं।' पीठ ने केंद्र और चुनाव आयोग दोनों से जवाब मांगा है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर पकड़े गए



● एक पुलिस की गोली से घायल, इनामी तस्कर मौके से फरार

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के शाहगंज क्षेत्र के चिरैया मोड़ के पास अयोध्या मार्ग स्थित ढाबे के पास सोमवार तड़के करीब चार बजे पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक इनामी तस्कर मौके से भाग गया। मुठभेड़ में एक पशु तस्कर के दाहिने हाथ में गोली लगी। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन, गोवंश और अवैध असलहे बरामद किए हैं।
क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान के अनुसार, आजमगढ़ जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल गांव निवासी इस्तेखार (35) पुत्र मुस्ताक और निजामपुर गांव निवासी जय सिंह (27) पुत्र गुड्डू लोना देर रात एक पिकअप वाहन में छह गोवंश लादकर आजमगढ़ से अयोध्या की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक किरण कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ चिरैया मोड़ के रेड एंड ग्रीन ढाबा के पास ताखा पुलिया पर घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली इस्तेखार के दाहिने हाथ में लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दो तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

## दिल्ली में ठंड का प्रकोप, 3.2 डिग्री तक लुढ़का पारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इस समय भीषण शीत लहर की चपेट में है। सोमवार को दिल्लीवासियों ने इस सीजन की सबसे कड़ाके की ठंड महसूस की। शहर के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान गिरकर 3 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के आंकड़ों के अनुसार, यह जनवरी 2023 के बाद इस महीने का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया है। इससे पहले 16 जनवरी 2023 को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।

# युवा स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें-योगी

● स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर युवाओं को समर्पित कार्यक्रम 'युवा प्रतिभा सम्मान और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' का आयोजन किया गया। यह आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित किया।
इस मौके पर युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि युवाओं का उत्साहवर्धन के लिए सीएम आए हैं। आज का दिन हमारे लिए प्रेरणा और संकल्प का दिन है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो, जागो, तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। यह हमें एकाग्रता, अनुशासन और प्रेरणा देता है। सरकार युवाओं के खेल, कौशल विकास और सशक्त बनाने का काम कर रही है। युवा स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें। संकल्प लेकर जाए, इसी पथ पर आगे बढ़ेंगे।
इस मौके सीएम योगी ने कहा कि नशे का कारोबार क्रैश करने और पर्यावरण का संरक्षण के लिए युवा आगे आएं। आज महाभारत के किरदार वसूली नहीं कर सकते हैं, यदि करेंगे तो जेल जाएंगे। यूपी में न कर्फ्यू न दंगा, सब चंगा है। प्रदेश में पर्यटन के साथ रोजगार के अवसर बढ़े हैं। सीएम ने युवाओं को गांव, ब्लाक में नशे के खिलाफ अभियान चलाने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि वे नशे के कारोबार को क्रैश करने के लिए काम करें। हमें इसके बारे में गोपनीय सूचना दें। उनकी प्रापर्टी जब्त की



जाएगी। क्योंकि, नशा नाश का कारण है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से जल संरक्षण के लिए भी आगे आने और काम करने का आह्वान किया। कहा कि जिला, गांव में चेक डैम, अमृत सरोवर आदि हैं। इससे जुड़ें और जल, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ें। स्थानीय लोगों को भी जोड़ें।




## काशी में पतंगबाजी प्रतियोगिता में खूब लड़े पेंच, मेयर और नगर आयुक्त ने उड़ाई पतंग



**वाराणसी।** गंगा उस पार रेती पर सोमवार को पतंगबाजी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ मेयर अशोक कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान मेयर और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पतंग उड़ाई। उन्होंने खूब पेंच लड़ाए। इस दौरान युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

# ममता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईडी

● काम में बाधा डालने और अधिकारियों को धमकी देने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कोयला चोरी घोटाले के संबंध में आई-पीएसी कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसर में जांच और तलाशी अभियान के दौरान तीन ईडी अधिकारियों को धमकी दी गई और परेशान किया गया।
ईडी ने कहा कि यह याचिका कोलकाता में तलाशी अभियान के दौरान ईडी अधिकारियों को गलत तरीके से बाधा पहुंचाने के खिलाफ दायर की गई है।



यह याचिका पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर की गई है। यह याचिका उन तीन ईडी अधिकारियों द्वारा दायर की गई है जो अभियान के दौरान पश्चिम बंगाल में मौजूद थे। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी द्वारा दायर याचिका में मुख्यमंत्री बनर्जी और कई अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और डीजीपी ने तलाशी अभियान में बाधा डाली। याचिका में मांग की गई है कि सीबीआई लगभग 2,742 करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में 8 जनवरी को तलाशी अभियान में बाधा डालने के लिए बनर्जी, डीजीपी राजीव कुमार और सीपी मनोज वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करे और जांच करे।

## जब लोग खुद तोड़ने लगे सरकारी जमीन पर बना अपना मकान

**संभल।** संभल जिले के सिरसी कस्बे के मोहल्ला शर्की में सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोमवार को प्रशासन जब जेसीबी की मदद से मकानों को गिरवाने पहुंचा तो लोग खुद अपने मकान को तोड़ते नजर आ रहे थे। यह मकान करीब दस वर्ष पहले ग्राम समाज और खाद के गड्ढों की आरक्षित भूमि पर बनाए गए थे। लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के बाद मामला तहसीलदार न्यायालय में पहुंचा।

# प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर रुद्राभिषेक

● कांग्रेस नेताओं ने की दीर्घायु होने की कामना

**वाराणसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर जिला/महानगर कांग्रेस कमेटी, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में दारानगर स्थित प्रसिद्ध महामृत्युंजय मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से प्रियंका गांधी जी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं देश की जनता के लिए उनके संघर्षमय नेतृत्व की कामना की गई।
कार्यक्रम में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान पूर्वक रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। पूरे वातावरण में मंत्रोच्चार और श्रद्धा का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राय, जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल एवं महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे की प्रमुख उपस्थिति रही। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रियंका गांधी जी देश की राजनीति में संवेदनशीलता, साहस और जनसंघर्ष की प्रतीक हैं। वे निरंतर आम जनता, खासकर महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाती रही हैं।



उनके जन्मदिन पर हम भगवान महामृत्युंजय से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने कहा कि प्रियंका गांधी जी का जीवन सेवा, संघर्ष और समर्पण का उदाहरण है। आज का यह रुद्राभिषेक उनके लंबे और सक्रिय राजनीतिक जीवन की कामना के लिए किया गया है। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि 'प्रियंका गांधी जी ने जमीनी राजनीति को नई ऊर्जा दी है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और संकल्प लिया कि वे उनके विचारों और संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहेंगे।

## झारखंड में हुई सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**रांची।** झारखंड के गढ़वा जिले के बेल चंपा इलाके में रविवार देर रात एक कार और ट्रक के बीच टक्कर होने के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।
गढ़वा थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने कहा, 'गैस कटर का



इस्तेमाल करके चारों शवों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक घर से टकरा गई।'उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जनमुख हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.2 0C
● सूर्योदय : 06.44
● सूर्यास्त : 05.16
वाराणसी, 12 जनवरी, सोमवार, 2026 (3)



छाया : जनमुख डेस्क

## गोरखपुर से बेंगलुरु जा रहे विमान में बर्ड हिट, वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग

**वाराणसी।** इंडिगों की गोरखपुर-बेंगलुरु फ्लाइट में एक पक्षी के टकराने (बर्ड हिट) के बाद वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। घटना के समय फ्लाइट में 216 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से फ्लाइट को ग्राउंड कर दिया गया है। यानी उसे आगे उड़ान भरने की परमिशन नहीं है। इसके बाद फ्लाइट रद्द कर दी गई। इंडिगो की फ्लाइट सोमवार को गोरखपुर एयरपोर्ट से शाम के 6 बजकर 25 मिनट पर उड़ान भरी। यह फ्लाइट 9 बजकर 2 मिनट पर बेंगलुरु पहुंचनी थी। इस दौरान करीब 216 पैसेंजर्स सवार थे। लेकिन 15 मिनट बाद करीब 6.40 बजे के आसपास फ्लाइट में बर्ड हिट हुआ। उस समय फ्लाइट जौनपुर के आसपास आसमान में था। पायलट ने तत्काल वाराणसी ATC से संपर्क किया। इसके बाद विमान एक चक्कर लगाते हुए करीब 16 मिनट में एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

# दालमंडी में गरजा बुलडोजर

● कार्रवाई का दुकानदार लगातार कर रहे विरोध, भारी फोर्स तैनात

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण योजना के तहत ध्वस्तीकरण अभियान जारी है। सोमवार को बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई। सुबह बुलडोजर ने चौक थाने की तरफ से प्रवेश किया। यहां मलबा हटाने का काम शुरू हो चुका है। वहीं मजदूरों द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।

दालमंडी में हथौड़े के बाद अब बुलडोजर से मकानों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके लिए सोमवार को बुलडोजर का प्रवेश दालमंडी में हो गया। पुलिस, प्रशासन, पीडब्ल्यूडी की टीम की मौजूदगी में मौक पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। एहतियातन भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।



दालमंडी में दुकानों के ध्वस्तीकरण को लेकर बुलडोजर पहुंचा तो दुकानदार विरोध करते हुए अपने मकानों के सामने खड़े हो गए। उनका कहना है कि प्रशासन द्वारा जो बात दो महीने पहले कही जा रही थी, वही आज भी कही जा रही है। दुकानदार का कहना है कि प्रशासन कह रहा कि मकान का नक्शा नहीं पास हुआ है, इतनी जमीन पर नक्शा नहीं पास होता है और ये मकान मानक के विरूद्ध नहीं बनाया गया है। ऐसे में हम कार्रवाई रोकेंगे। दुकानदारों और मकान मालिकों के विरोध के बीच दोपहर बाद नई सड़क की तरफ से लंगड़ा हाफिज मस्जिद के सामने मुख्तार खान के भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान मजदूरों ने ऊपरी हिस्से पर हथौड़ा चलाकर तोड़ना शुरू किया। इसके बाद बुलडोजर से प्रथम तल को तोड़ना शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी लोगों को दूर रहने के लिए सतर्क करते दिखे। राहगीरों और मीडियाकर्मियों को मकान के आसपास से हटाया गया।

### पूर्व विधायक ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** कड़ाके की ठंड व शीतलहर से राहत पाने हेतु पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह ने औढ़े स्थित अपने आवास पर रविवार को आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के आए हुए सैकड़ो गरीब असहाय जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया।कंबल पाकर गरीब बुजुर्गों का चेहरा खिल उठा।पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा करना मेरा परम कर्तव्य है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान लगभग 600 कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीरेश्वर उर्फ वीरू सिंह, संदीप सिंह कपिल, अजय दुबे, विकास दुबे, दीपक सिंह ,देवेंद्र उर्फ गोपाल सिंह, राधेश्याम सिंह, अनूप श्रीवास्तव,गोपाल नारायण सिंह, धर्मेंद्र यादव, गुड्डू सिंह प्रधान, विनोद प्रकाश सिंह, सुनील सिंह ,नितेश सिंह, सत्य प्रकाश दुबे, विक्रम पटेल,भरत दुबे, अजय गोड़ इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## गंगा जी की लहरों पर श्री रानी सती दादी जी का भव्य मंगल पाठ



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** नव वर्ष के पावन उपलक्ष्य में जय दादी नाम बैंक काशी ट्रस्ट के तत्वावधान में एक दिव्य एवं ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री रजत कृष्णा शर्मा जी के मुखारविंद से श्री रानी सती दादी जी का मंगल पाठ काशी नगरी में प्रथम बार गंगा जी की लहरों पर क्रूज के माध्यम से भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन रविवार को सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ रविदास घाट से प्रातः 11:30 बजे क्रूज प्रस्थान के साथ हुआ। सभी दादी भक्तों ने कार्यक्रम का पूर्ण लाभ जलपान एवं प्रसाद व्यवस्था सहित प्राप्त किया। इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'जय दादी जी नाम लिखित पुस्तिका बैंक' का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पुण्य कार्य से जुड़कर दादी जी की कृपा प्राप्त कर सकें।

काशी में पहली बार गंगा जी की पावन लहरों पर आयोजित हो रहा यह मंगल पाठ श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव सिद्ध होगा। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक रमेश चौधरी, दीपक बजाज, अध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल अगु, मंत्री कृष्ण गोपाल तुलस्यान, कोषाध्यक्ष अशोक गिनोदिया, विकास भावसिंह का, श्यामभक्त मंडल अनूप सर्राफ जी, त्रिदेव ट्रस्ट के मंत्री श्रीगोविन्द केजरीवाल, महेश चौधरी, सुरेश तुलस्यान संजय पंसारी, सुनील नेमानी, राजेश तुलस्यान, मंजू तुलस्यान, उमा अग्रवाल, मधु तुलस्यान, श्यामा, अनिता, रश्मि, मीनू, एवं अन्य महिलाओं ने मंगल पाठ किया।

### अरविंद मिश्रा और अंजनी सिंह किए गए सम्मानित

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** प्रेमचंद की चर्चित कहानी 'बौड़म' एक तीखी सामाजिक–मनोवैज्ञानिक व्यंग्य कथा है, जिसमें तथाकथित सभ्य समाज की संवेदनहीनता और दोहरे मानदंडों पर गहरा प्रहार किया गया है। यह कहानी किसी एक व्यक्ति के 'पागल' होने की नहीं, बल्कि पूरे समाज के बौद्धिक पागलपन को उजागर करती है। ये विचार वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम सुधार सिंह ने उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की जन्मस्थली लमही में आयोजित 'सुनो मैं प्रेमचंद' कार्यक्रम के 1791वें दिवस पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेमचंद की कहानी 'बौड़म' का पाठ पत्रकार अरविंद मिश्रा हर्ष ने किया। उन्हें प्रो. श्रद्धानंद, साहित्यकार डॉ. राम सुधार सिंह, नरेंद्र मिश्र, हिमांशु उपाध्याय एवं निदेशक राजीव गोंड ने सम्मानित किया। वहीं समाजसेवी अंजनी कुमार सिंह को डॉ. रामसुधार सिंह, प्रो. श्रद्धानंद और हिमांशु उपाध्याय ने 'प्रेमचंद मित्र सम्मान' से सम्मानित किया।

## हर बच्चे में अभिनय का नैसर्गिक गुण, तराशने की जरूरत

● भोजपुरी अभिनेत्री लाइब्रेरी की छात्राओं से किया संवाद

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** हर बच्चे में अभिनय का नैसर्गिक गुण होता है बस उसे तराशने की जरूरत होती है, क्योंकि यह सिर्फ़ प्रतिभा नहीं, बल्कि एक कला है जिसमें भावनात्मक गहराई, शारीरिक अभिव्यक्ति, आवाज का नियंत्रण और निरंतर सीखने की आवश्यकता होती है उक्त बातें भोजपुरी फिल्मो की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री किरण यादव ने भंदहा कला ग्राम स्थित आशा ट्रस्ट द्वारा सचालित लाइब्रेरी में बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कही। लाइब्रेरी में आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि एक अभिनेता या अभिनेत्री को अपनी स्वाभाविक प्रतिभा को प्रशिक्षण और अनुशासन से निखारना होता है, जैसे एक मूर्तिकार पत्थर को तराशता है, ताकि वह किरदार को जीवंत कर सके और दर्शकों तक भावनाओं को सफलतापूर्वक पहुँचा सके, जिसके लिए अभिनय स्कूल, वर्कशॉप और निरंतर अभ्यास महत्वपूर्ण हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए अभिनेता एवं आकाशवाणी कलाकार तेज बहादुर यादव उर्फ़ मंगरू भैया ने कहा कि हम अपने आप पास के परिवेश से ही अभिनय की प्रेरणा और प्रशिक्षण पाते हैं। कार्यक्रम आयोजन में प्रदीप सिंह, दीन दयाल, सौरभ चन्द्र, अवनीश, सनी, सरोज, रूबी, प्रवीण, ज्योति, निक्की, निकिता, नेहा, आदि की प्रमुख भूमिका रही।



### रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के सत्र 28- 29 के अध्यक्ष चुने गए रो अजय गौतम



**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** रोटरी वाराणसी सेंट्रल की संपन्न हुई बैठक में रोटरी सत्र 28-29 के अध्यक्ष तथा रोटरी सत्र 26-27 की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष रो पवन सिंह ने सत्र 28-29 के अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित रो अजय गौतम के नाम की घोषणा की तथा सत्र 26-27 हेतु अध्यक्ष रो रितु गर्ग की कार्यकारिणी हेतु सचिव रो ललित गुप्ता, उपाध्यक्ष द्वय रो सोमदत्त रघु तथा रो राजीव अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु रो रवि कुमार सिंह निर्वाचित किए गएसत्र 26-27 की कार्यकारिणी में डायरेक्ट पद हेतु रो संतोष अग्रवाल, रो अशोक सिंघल, रो जगदीश झुनझुनवाला, रो राजेंद्र मोहन शाह, रो मुकुंद लाल अग्रवाल, रो अनिल जाजोदिया, रो श्याम सुंदर प्रसाद, रो उदय राज सिंह, रो मनीष कपूर, रो दिवेश मेहता, रो अनिल कुमार गुप्ता, रो गोविंद किसनानी, रो निर्मल जोशी तथा रो राकेश कुमार गुप्ता चुने गए।

## सामाजिक एकता के लिए आपसी भेदभाव समाप्त होः अशोक विश्वकर्मा

● नव वर्ष और मकर संक्रांति अभिनंदन समारोह का आयोजन

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में जिला कार्यालय पर आयोजित नव वर्ष और मकर संक्रांति अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने नव वर्ष और मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा नव वर्ष और संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता, एकता, सद्भाव और आपसी मेल जोल का परंपरागत शाश्वत संस्कृति का पर्व है। उन्होंने कहा यह त्यौहार सूर्य देव को समर्पित है इस दिन से सूर्य उत्तरायण होकर धनु राशि से मकर राशि में गोचर करते हैं तथा बसंत ऋतु के आगमन के स्वागत का भी पर्व है, जो आशा आनंद और ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता से न केवल सामाजिक समस्याओं का समाधान होता है बल्कि आर्थिक और राजनीतिक विकास का भी मार्ग प्रशस्त होता है। सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए हमें आपसी भेदभाव को समाप्त करना होगा तथा संवाद और संपर्क को बढ़ावा देना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, नंदलाल विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, पंडित राम प्रवेश शर्मा, कैलाश विश्वकर्मा, दीप विश्वकर्मा, रवि शंकर विश्वकर्मा सोनू,प्रहलाद विश्वकर्मा, भैरव विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा उमरहा, रविंद्र विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, तुषार विश्वकर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, उज्जवल विश्वकर्मा, तनु विश्वकर्मा, उत्कर्ष विश्वकर्मा, प्रभु नारायण विश्वकर्मा, मोहित विश्वकर्मा, छोटेलाल विश्वकर्मा, निकेत विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, चंद्रिका विश्वकर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



### प्रो. चॉकी फ्रेन को जन मित्र सम्मान

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार, लेखक, शिक्षाविद् एवं सांस्कृतिक कार्यकर्ता Chawky Frenn को कला, मानव गरिमा, शांति और मानवाधिकारों के क्षेत्र में उनके आजीवन एवं असाधारण योगदान के लिए जन मित्र सम्मान (Jan Mitra Award) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्व जन मित्र सम्मान प्राप्तकर्ताओं Chandra Mishra तथा Suresh Nair के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। यह क्षण न्याय, लोकतंत्र और मानवीय मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की परंपरा और एकजुटता का प्रतीक रहा। जन मित्र सम्मान समारोह का आयोजन 10 जनवरी 2026 को दोपहर 1:00 बजे, पीवीसीएचआर कार्यालय, पांडेयपुर, वाराणसी में किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन People's Vigilance Committee on Human Rights (PVCHR), Jan Mitra Nyas तथा Mirza Ghalib Literature & Art Global Club द्वारा किया गया।

## मारवाड़ी समाज के कर्मवीरों को किया गया सम्मानित

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** मारवाड़ी समाज द्वारा अग्रसेन अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज भवन में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कांची कामकोटि पीठ शंकराचार्य प्रतिनिधि वी एस सुब्रमण्यम स्वामी ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया तत्पश्चात भवन का नवीनीकरण एवं नया लिफ्ट का फीता काटकर उसमें बैठकर अवलोकन किया। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान प्रधानमंत्री मनोज जाजोदिया ने सम्मान समारोह में आए अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्रम स्मृति चिन्ह देकर किया गया भवन नवनिर्माण, नवीनीकरण, आधुनिकीकरण, के साथ सर्व सुविधा सम्पन्न भवन राजस्थानी महल के रूप में दिखाई दे रही थी। इसमें सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया। संस्था के प्रधानमंत्री मनोज जाजोदिया ने 2024 से 2026 तक संस्था द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा समाज के कर्मवीरों संस्था के पूर्व अध्यक्षों मंत्रियों कार्यकारिणी सदस्यों एवं भवन निर्माण में जिन व्यक्तियों ने तन मन धन से सेवा भाव व जो सामाजिक कार्यों एवं सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देकर समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दिया। उनका अग्रसेन अलंकरण सम्मान द्वारा अंग वस्त्रम व अग्रसेन स्मृति चिन्ह देकर नवाजा गया।





मुख्य अतिथि ने कहा कि मारवाड़ी समाज हमेशा हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान के साथ सामाजिक कार्यों में भी योगदान देता है। संस्था के संरक्षक मंडल के अध्यक्ष रमेश कुमार चौधरी एवं संस्था के अध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान ने संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा कि अग्रसेन महाराज जी का कथन था कि 1 रुपया उसको चरितार्थ करते हुए भवन निर्माण में जिन दानदाताओं ने अपना सहयोग व योगदान दिया है व मारवाड़ी समाज के कर्मवीरों द्वारा जो कार्य राष्ट्रीय हित में और समाज हित में कर रहे हैं उन्हें हम नमन करते हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधानमंत्री मनोज जाजोदिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के संरक्षक मंडल के अध्यक्ष रमेश कुमार चौधरी, सचिव उमाशंकर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल शक्ति, राम बुबना, मनीष लोहिया, अजय यादुका, हेमदेव अग्रवाल, राधे गोविंद केजरीवाल, महेश चौधरी, भरत सराफ दीपक बजाज कृष्ण कुमार खेमका श्री नारायण खेमका आदि लोग थे।

### दिव्यांग बच्चों को ठण्ड से बचने के लिए कम्बल गर्म कपडे का वितरण



**वाराणसी,जनमुख डेस्क।** पाहो बाजार किरण सोसाइटी परिसर माधोपुर वाराणसी 'गणेश' परियोजना के अंतर्गत विकास खंड काशी विद्यापीठ के लगभग 110 दिव्यांग बच्चों को ठण्ड से बचाव के लिए कम्बल वगर्म कपडे वितरण किया गया। अभिभावक बच्चो के साथ उपस्थित होकर सामग्री प्राप्त कर संस्था आयोजकों का आभार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में संस्था की निदेशिका श्रीमती निधि विश्वास, सतीश मिश्रा, डामोरेनोटोलडो, खिरोद साहू, होशिला प्रसाद गिरी, नवीन सिंह कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्रनाथ राय जी उपस्थित थे।



## महिला केरल व पुरुष में रेलवे ओवर आल चैंपियन का खिताब

● महिला वर्ग में रेलवे व पुरुष वर्ग में केरल बना उपविजेता

**72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन**

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** सिगरा स्टेडियम के इंडोर कोर्ट पर रविवार को आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का महिला फाइनल ऐतिहासिक बन गया। रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे इस मुकाबले में पुरुष वर्ग में जहां रेलवे के स्मैशर्स ने केरला की चुनौती को एकतरफा अंदाज में ध्वस्त कर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं महिला वर्ग के रोमांचक फाइनल में केरला ने रेलवे को हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रकार महिला वर्ग में रेलवे व पुरुष वर्ग में केरल को उपविजेता का तमगा पाकर संतोष करना पड़ा । जब कि हार्ड लाइन मैच में पंजाब और राजस्थान की टीमों का रहा दबदबा रहा। नगर निगम की ओर से अयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व महापौर अशोक कुमार तिवारी ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए।रेलवे की पुरुष टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए फाइनल मुकाबले में केरला को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित कर चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।






## डिप्टी सीएम ने पांच महिलाओं को बांटा ई- रिक्शा

● लखपति दीदी के सपने को साकार करने हेतु तीन नए कार्यक्रमों की शुरुआत

**वाराणसी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में रविवार को सर्किट हाउस सभागार में बैठक के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि करने व लखपति दीदी के सपने को साकार करने हेतु तीन नवीन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर नवनिर्मित बारात घर का संचालन के अंतर्गत 03 ग्राम संगठनों (स्वयं सहायता समूहों का फेडरेशन) व 3 ग्राम पंचायतों (रघुनाथपुर व बेसहुपुर विकास खण्ड-सेवापुरी, सिवो विकास खण्ड-चिरईगाँव) के मध्य अनुबंध हस्ताक्षरित करवाया गया। इस अनुबंध का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को अपने ग्राम पंचायत में ही मांगलिक व अन्य कार्यक्रमों हेतु न्यूनतम दर पर स्थान व कैटरिंग सेवा का उपलब्ध कराना है। जिससे न केवल ग्रामीणों को लाभ हो बल्कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के स्थानीय स्तर पर रोजगार का साधन उपलब्ध हो सके। वर्तमान मे कुल 60 बारात घर के संचालन हेतु कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद के अन्य ग्राम पंचायतों में भी सर्वे के माध्यम से बारात घर के निर्माण हेतु निर्देशित किया। जीएमआर वर लक्ष्मी ग्रुप व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य पिंक ऑटो संचालन हेतु अनुबंध के अंतर्गत GMR VR LAXMI ग्रुप व UPSRLM के मध्य वाराणसी मे 160 पिंक ऑटो संचालक को लेकर के अनुबंध किया गया।जिसके तहत मुख्यमंत्री उद्यमिता योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पिंक ऑटो उपलब्ध कराना, उनका प्रशिक्षण, उनका ड्राइविंग लाइसेन्स सम्मिलित है। GMR VR LAXMI द्वारा अपने सीएसआर मद से प्रति ऑटो पर रुपए 35000 का योगदान दिया जायेगा। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि क्रय किये जा रहे ई ऑटो का बाजार मूल्य से तुलना करने के उपरांत सस्ते दर पर महिलाओं को ऑटो उपलब्ध कराया जाए। डेवलेपमेंट अल्टरनेटिव्स (डीए) व UPSRLM मध्य अनुबंध के अंतर्गत UPSRLM तथा DA के आपसी सहयोग से इन महिलाओं को एक सप्ताह का व्यवस्थित ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 2.5 लाख रुपये के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराकर ई-रिक्शा प्रदान कराया गया है। महिलायें प्रतिमाह लगभग 15 से 20 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। वर्तमान में 30 महिलाओं को ई–रिक्सा प्रदान कराया गया है। साथ ही 108 महिलाओं ई-रिक्सा चलाने का प्रशिक्षण दिलाया गया है।




**जनमुख परामर्श मंडल**

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

# सुल्तानपुर समाचार

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव



**करौंदीकला (सुल्तानपुर)।** अमरेमऊ निवासी नीरज की पत्नी आकांक्षा (20) का शव रविवार सुबह घर के एक कमरे में साड़ी के फंदे से लटका देखा गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। हालांकि अभीतक मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुत्री की मौत का पता चलने के बाद मायके से पहुंचे मृतका के पिता ने ससुराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

जौनपुर जिले के सरपतहा के चिलबिली निवासी सत्यवान ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री आकांक्षा का विवाह करीब छह माह पहले अमरेमऊ निवासी नीरज से किया था। उनका दामाद नीरज मिर्जापुर में गाड़ी रिकवरी का काम करता है। आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ससुरालीजन उनकी पुत्री आकांक्षा को दहेज की मांग के लिए प्रताड़ित करते थे। उन्होंने दहेज के लिए पुत्री की हत्या का आरोप ससुरालीजनों पर लगाते हुए करौंदीकला थाने में तहरीर दी है। दूसरी ओर ससुराल पक्ष के लोगों ने आरोप को निराधार बताया है। उनके मुताबिक आकांक्षा ने शनिवार रात आत्महत्या की है।

# सोनभद्र समाचार

### हिंडाल्को कॉलोनी में किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के हिंडाल्को कॉलोनी में रविवार की शाम 13 वर्षीय एक किशोरी का शव फंदे से लटकता मिला। प्रथम दृष्टया आत्महत्या बताया जा रहा है। हालांकि इसके पीछे के कारण का पता नहीं चल सका है। रेणुकूट चौकी प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि किशोरी का शव घर में ही पंखे से लटकता मिला है। घटना के समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था। जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने किशोरी को पंखे से लटका हुआ देखा, जिसके बाद वे तत्काल उसे अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रीय लोगों ने आशंका जताई कि परिजनों की किसी बात से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया है। पिपरी थाना प्रभारी सत्येंद्र राय का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# भदोही समाचार

## गिराई गांव में हाते में मिला नवजात का शव



**गोपीगंज।** गिराई गांव की पाल बस्ती में राजन मिश्रा के हाते में रविवार की सुबह एक नवजात का शव मिला। मामले की जानकारी होती ही गांव वालों की भीड़ जुट गई।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की सुबह गांव की सरोजा देवी पुराने मकान के सामने भूसा निकालने के लिए गई थी। देखा कि भूसा के पास नवजात का शव था। जिसे बिल्ली नोंच रही थी।

वह घबराकर परिजनों को बताई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि आसपास संचालित नर्सिंग होम में बच्चे का जन्म हुआ होगा। लोकलाज के भय से नवजात को यहां रात में फेंक दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेश राय ने बताया कि नवजात का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# बलिया समाचार

### बलिया में भाजपा की एसआईआर समीक्षा बैठक

**बलिया।** जीराबस्ती स्थित भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को एसआईआर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को इसमें सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभाने के निर्देश दिए। मिश्रा ने एसआईआर प्रक्रिया को लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष शुरू से ही इस प्रक्रिया को लेकर नकारात्मक रवैया अपनाए हुए है और वह नहीं चाहता कि देश में शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो। उन्होंने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश के उन लोगों से संपर्क करेगी जो अन्य राज्यों में काम कर रहे हैं और वहां पंजीकृत हैं। उनसे 2027 के चुनावों से पहले उत्तर प्रदेश में पंजीकरण कराने का अनुरोध किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि कोई उत्तर प्रदेश का निवासी दिल्ली का मतदाता है, तो उससे उत्तर प्रदेश में पंजीकरण कराने का आग्रह किया जाएगा।

# गाजीपुर समाचार

## मालवाहक क्रूज के लिए खोला गया पीपा पुल



**मुहम्मदाबाद।** कोलकाता से वाराणसी जा रहे मालवाहक क्रूज लालबहादुर शास्त्री के लिए रविवार को बच्छलकापुरा-रामपुर घाट पर पीपा पुल खोला गया। इस दौरान करीब एक घंटे तक गंगा के दोनों ओर आवागमन बाधित रहा।

केंद्र सरकार गंगा के रास्ते माल ढुलाई और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जलमार्ग विकसित कर रही है। वाराणसी से हल्दिया तक जलमार्ग से कोलकाता से वाराणसी तक क्रूज और कार्गो जहाजों का संचालन हो रहा है। रविवार को लालबहादुर शास्त्री नामक कार्गो जहाज मुहम्मदाबाद के बच्छलपुर-रामपुर पीपा पुल के पास पहुंचा। पायलट गजानंद निषाद ने बताया कि जहाज कोलकाता से वाराणसी जा रहा है। वहां से माल लोड कर यह कोलकाता लौटेगा।

क्रूज के लिए पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों को पीपा पुल खोलना पड़ा। इस कारण गंगा के दोनों ओर से आवागमन बाधित रहा। लोक निर्माण विभाग के मेठ अशोक राय ने बताया कि पुल खोलने की जानकारी पहले ही लोगों को दे दी गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि गंगा से जहाजों की आवाजाही के कारण अक्सर पुल खोलना पड़ता है।

# मऊ समाचार

### एसआईआर के बाद जिले में 1,70,705 महिला वोटर घटीं

**मऊ।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद पुरुषों के साथ 1,70,705 महिला वोटर भी घट गई हैं। जिले में अब अब एक हजार पुरुष के मुकाबले 817 महिला वोटर बनेंगी। एसआईआर से पहले जनपद में पहले कुल 17,13,350 मतदाता थे, जिसमें पुरुषों की संख्या 9,07,290 थी तो महिला वोटरों की संख्या 8,06,006 थी। एसआईआर के बाद घोषित मतदाता सूची में महिला वोटरों की संख्या घटकर 6,85, 301 रह गई है। लिंगानुपात में भी गिरावट आई है, 1000 पुरुषों की तुलना में महिला 817 महिला मतदाता हो गई हैं, जो पहले 888 थीं। जिले में एसआईआर के बाद कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 13 हजार 127 हो गई है। इसमें 7,77,782 पुरुष और 6,35,301 महिला वोटर हैं। जिले में 55.04 प्रतिशत पुरुष वोटर तो 44.96 फीसदी महिला वोटर रह गई हैं।

# प्रयागराज समाचार

## पत्नी की ज़्यादा योग्यता गुज़ारा भत्ता में रुकावट नहीं:हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी पत्नी को सिर्फ़ इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुज़ारा भत्ता देने से मना नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह बहुत ज़्यादा पढ़ी-लिखी है या उसके पास वोकेशनल स्किल्स हैं। क्योंकि इससे यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि याचिकाकर्ता पत्नी पैसे कमाने के लिए काम कर रही है।

जस्टिस गरिमा प्रसाद की कोर्ट ने यह भी कहा कि पति का अपनी पत्नी का कानूनी तौर पर भरण-पोषण करने की ज़िम्मेदारी से बचने के लिए सिर्फ़ उसकी योग्यता (क्वालिफिकेशन) पर निर्भर रहना गलत है। कोर्ट ने कहा कि पत्नी की सिर्फ़ कमाने की क्षमता असल में नौकरी करके पैसे कमाने से अलग है।

कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह कई महिलाओं की सच्चाई है, जो अपनी पढ़ाई-लिखाई के बावजूद, सालों तक घरेलू काम और बच्चों की देखभाल की ज़िम्मेदारियों के बाद नौकरी पर लौटने में मुश्किल महसूस करती हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए बेंच ने बुलंदशहर के एडिशनल प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया, जिसमें पति से गुज़ारा भत्ता मांगने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत पत्नी की अर्जी खारिज कर दी गई थी। बुलंदशहर फैमिली कोर्ट ने पत्नी सुमन वर्मा के गुज़ारा भत्ता की अर्जी इस आधार पर खारिज कर दी थी कि उसने कोर्ट से अपनी प्रोफेशनल पढ़ाई-लिखाई छिपाई और वह साफ मन से कोर्ट नहीं आई। फैमिली कोर्ट का यह भी मानना था कि पत्नी बिना किसी सही वजह के अलग रह रही है और उसने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 (वैवाहिक अधिकारों की बहाली) के तहत कार्यवाही के बावजूद वैवाहिक घर लौटने से मना कर दिया था। हालांकि, फैमिली कोर्ट ने निर्देश दिया कि नाबालिग बेटे को याचिका दायर करने की तारीख से हर महीने 3,000 रुपये दिए जाएं। हाईकोर्ट में पत्नी के वकील ने दलील दी कि उसके पास आय का कोई जरिया नहीं है और प्रतिवादी पति यह साबित करने का कोई सबूत पेश नहीं कर पाया कि उसकी पत्नी काम कर रही थी और पैसे कमा रही थी। दूसरी ओर, पति ने दलील दी कि उसकी पत्नी बहुत ज़्यादा पढ़ी-लिखी है,

# चंदौली समाचार

### बिजली विभाग के बाबू बिस्तर पर मिले मृत

**चंदौली।** गोविंदनगर थाना क्षेत्र के गुजैनी सी ब्लॉक में ब्रजेश कुमार यादव (45) शनिवार दोपहर बिस्तर पर मृत मिले। वह कन्नौज के छिबरामऊ में बिजली विभाग में बाबू के पद पर तैनात थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से बनारस के मुगलसराय के रहने वाले ब्रजेश के परिवार में पत्नी गायत्री, बेटी रिमझिम, बेटा युवान, मां गायत्री व छोटा भाई अभिषेक हैं। पिता जगदीश का बीते साल सितंबर में देहांत हो गया था। अभिषेक ने बताया कि ब्रजेश शुक्रवार को कार से गुजैनी आए थे। देर रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। शनिवार की सुबह वह कमरे में मृत मिले। गोविंदनगर इंस्पेक्टर रीकेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। प्रथम दृष्टया हार्टअटैक से मृत्यु की आशंका जताई जा रही है।

# आजमगढ़ समाचार

## शीशम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला शव



**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रा कुटी में रविवार की सुबह 22 वर्षीय युवती का शव शीशम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला। मृतका की पहचान अंजलि के रूप में हुई है, जो नौ जनवरी की सुबह से घर से लापता थी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल है। मृतका की मां सुनीता ने बताया कि अंजलि नौ जनवरी को सुबह करीब छह बजे घर से निकली थी। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो इसकी सूचना थाने में दी गई थी। पुलिस युवती की तलाश में जुटी थी। रविवार सुबह करीब 7.30 बजे एक राहगीर ने पेड़ से लटकता शव देखा और डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और बरदह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। सीओ लालगंज भूपेश पांडेय ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। चार जनवरी 2026 को इस संबंध में शिकायत मिली थी। युवती बस्ती जिले के रहने वाले अब्दुल मन्नान के साथ चली गई थी। अब्दुल मन्नान फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था।

# देवरिया समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के औरा चौरी गांव की रहने वाली ज्ञांती उर्फ शांति देवी पत्नी स्व. चंद्रभान विश्वकर्मा रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हुई थी।

### सड़क हादसे में घायल मासूम की मौत

**रुद्रपुर।** लक्ष्मीपुर गांव के समीप सड़क हादसे में घायल एक मासूम की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। वह शुक्रवार को बाइक से सड़क पर जाते समय घायल हो गया था। उसका उपचार मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा था। शुक्रवार की शाम रुद्रपुर गौरीबाजार मार्ग पर लक्ष्मीपुर गांव निवासी मनोज विश्वकर्मा के आठ साल के बेटे आयुष को बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

# मीरजापुर समाचार

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की साठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई




**मीरजापुर।** नगर पालिका क्षेत्र के गैवी घाट स्थित ललिता शास्त्री कांवेंट स्कूल परिसर में भारत रत्न, देश के महान सपूत एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की साठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वातावरण में मनाई गई। विद्यालय परिसर में शास्त्री जी के विचारों और आदर्शों की गूंज सुनाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपस्थित सभी लोगों ने कुछ क्षणों का मौन रखकर राष्ट्र के इस महान सेवक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने भावुक संबोधन में घनश्याम ओझा ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा की अद्वितीय मिसाल है। 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय में जन्मे शास्त्री जी ने अत्यंत साधारण परिवार से उठकर देश के सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया, किंतु सत्ता और वैभव कभी उनके आचरण को प्रभावित नहीं कर सके। वे सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार जेल गए। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान उन्होंने देश को अदम्य साहस और आत्मविश्वास दिया तथा 'जय जवान, जय किसान' का ऐतिहासिक नारा देकर देश के सैनिकों और किसानों का मनोबल बढ़ाया। शास्त्री जी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने देश को खाद्यान्न संकट से उबारने के लिए हरित क्रांति को प्रोत्साहन दिया, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और पारदर्शिता को सर्वोच्च स्थान दिया तथा राष्ट्रहित को सदैव व्यक्तिगत हित से ऊपर रखा। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि हम सभी शास्त्री जी के दिखाए मार्ग—सत्य, सेवा, सादगी और राष्ट्रभक्ति—पर चलकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# जौनपुर समाचार

## 20 जनवरी के बाद परीक्षा केंद्रों पर भेजी जाएंगी उत्तर पुस्तिकाएं

**जौनपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी तेज हो गई है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में उत्तर पुस्तिकाएं भेजने की तैयारी चल रही है। जिले के 206 केंद्रों पर तहसीलवार उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जाएंगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में उत्तर पुस्तिकाएं आनी शुरू हो गई हैं। उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र आ जाने के बाद छात्र संख्या के हिसाब से परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जाएंगी। डीआईओएस राकेश कुमार का कहना है कि जिले में अब तक अ और ब मिलाकर करीब 10 लाख उत्तर पुस्तिकाएं जिले में पहुंच चुकी हैं। शेष उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र आ जाने के बाद छात्रसंख्या के हिसाब से कांपियां भेजी जाएंगी। किसी परीक्षा केंद्र पर कितने परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, इसकी सूची तैयार कराई जा रही है। जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 151701 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बीते वर्ष जिले में 218 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस बार अब तक कुल 5.30 लाख उत्तर पुस्तिकाएं जिले में पहुंच चुकी हैं। इंटरमीडिएट के लिए लगभग 2.20 लाख अ और 30 हजार ब उत्तर पुस्तिका शामिल हैं। इसी प्रकार हाईस्कूल की कुल 2.80 उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। इसके अलावा हाईस्कूल और इंटर का कलर पत्रक भी पहुंच गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी और परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

# गोरखपुर समाचार

## पांच साल में करोड़पति बना अनिल.. इंटर पास मास्टरमाइंड

**गोरखपुर।** गोरखपुर में रेलवे में फर्जी भर्ती के मामले के मास्टरमाइंड राघवेंद्र शुक्ल उर्फ अनिल पांडेय ने पांच साल में ही करोड़ों की संपत्ति हासिल कर ली। यह भी पता चला है कि इंटर पास अनिल ने रेलवे भर्ती की परीक्षा कराने वाली एजेंसी में नौकरी की। इसी दौरान वह फर्जीवाड़ा करने वाले बिहार के गिरोह के संपर्क में आ गया। बिहार में फर्जीवाड़े में पकड़े गए दो युवकों के जरिये अनिल का नाम सामने आया तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम उसकी तलाश में जुट गई। अनिल बांसगांव क्षेत्र के फुलहर गांव का रहने वाला है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बृहस्पतिवार को अनिल पांडेय के बांसगांव स्थित फुलहर गांव स्थित मकान में छापा मारकर करीब आठ घंटे तक उसके भाई और अन्य से पूछताछ की थी।



पूछताछ के दौरान ईडी ने आय से अधिक संपत्ति की जांच-पड़ताल की। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि अनिल ने संस्कृत विद्यालय अम्मरपुर, बांसगांव से कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, बांसगांव में स्नातक में प्रवेश लिया लेकिन पढ़ाई छोड़ दी।

बताया जा रहा है कि इसी बीच गांव के एक ही एक युवक से उसकी नजदीकियां बढ़ गईं, जो रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा कराने वाली एक एजेंसी में काम करता था। अनिल भी उसी के मार्फत नौकरी करने लगा। सूत्रों के मुताबिक, यहीं से उसका संपर्क नौकरी में जालसाजी करने वालों से गैंग से हो गया। इसके बाद उसका गांव आना-जाना कम हो गया। जब भी वह आता तो गांव और बांसगांव कस्बे में खुद को प्रॉपटी डीलर बताता था। पांच साल के भीतर उसने कराड़ों की संपत्ति बनाई और उसका रहन-सहन भी बदल गया। गांव के लोगों का कहना है कि जब भी वह गांव आता था, लग्जरी गाड़ी में कुछ लोग के साथ रहते थे। हर बार गाड़ी भी बदल-बदल कर आता था। ईडी के छापे के बाद बांसगांव कस्बे में उसे लेकर तरह-तरह की चर्चा है। अनिल पांडेय ने अपने गांव के अलावा दो-तीन गांवों के युवकों से संपर्क भी साधा था।

# लाइफ मंत्र

## मां सरस्वती के ये 5 Powerful Mantras हैं बेहद असरदार, मिलेगी Career में सफलता

अगर आप मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ ही कुछ विशेष मंत्रों का जाप करते हैं, तो ज्ञान की देवी सरस्वती हमसे प्रसन्न होती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सरस्वती पूजा के नियम और मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं।

देवी सरस्वती को ज्ञान को विद्या की देवी कहा जाता है। सरस्वती मां की पूजा-अर्चना करने से जातक को बुद्धि और विद्या का आशीर्वाद मिलता है।

मां सरस्वती की श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। लेकिन अगर आप मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ ही कुछ विशेष मंत्रों का जाप करते हैं, तो ज्ञान की देवी सरस्वती हमसे प्रसन्न होती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सरस्वती पूजा के नियम और मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**संकल्प मंत्र**

सरस्वती पूजा करने से पहले हाथ में फूल, तिल, अक्षत, मिठाई और फल लेकर 'यथोपलब्धपूजनसामग्रीभिः माघ मासे बसंत पंचमी तिथौ भगवत्याः सरस्वत्याः पूजनमहं करिष्ये।' यह मंत्र बोलें। फिर हाथ में रखी हुई सामग्री को मां सरस्वती के सामने अर्पित करें।

**पूजन विधि**

अब मां सरस्वती की पूजा स्थल को गंगाजल से पवित्र करें। फिर मां सरस्वती की मूर्ति को सामने रखकर उनके सामने धूप-दीप और गुगुल आदि जलाएं। इसके बाद विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा शुरू करें। मन में मां सरस्वती का ध्यान करें और पूजन सामग्री अर्पित करें।

**सरस्वती वंदना**

या कुन्देन्दु तुषारहार धवला या शुभ्रवस्त्रावृता।
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना।।
या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा।।
शुक्लां ब्रह्मविचारसारपरमांद्यां जगद्व्यापनीं।
वीणा-पुस्तक-धारिणीमभयदां जाड्यांधकारपहाम्।।
हस्ते स्फाटिक मालिकां विदधतीं पद्मासने संस्थिताम्।
वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम्।।

**सरस्वती मंत्र**

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं सरस्वत्यै नमः।
ॐ सरस्वत्यै नमः।
ॐ ह्रीं ऐं ह्रीं सरस्वत्यै नमः।
ॐ भूर्भुवः स्वः सरस्वती देव्ये इहागच्छ इह तिष्ठ।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं वाग्देव्यै सरस्वत्यै नमः।
ॐ अर्हं मुख कमल वासिनी पापात्म क्षयम्कारी
वद वद वाग्वादिनी सरस्वती ऐं ह्रीं नमः स्वाहा।
शारदायै नमस्तुभ्यं, मम हृदय प्रवेशिनी,
परीक्षायां समुत्तीर्णं, सर्व विषय नाम यथा।।

## ये लेटेस्ट परांदा Designs आपके Punjabi Look में लगाएंगे चार चांद, देखें खूबसूरत Hair Style



लोहड़ी पर अपने ट्रेडिशनल पंजाबी लुक को खास बनाने के लिए लेटेस्ट परांदा डिजाइंस अपनाएं। अपने हेयर स्टाइल को आकर्षक बनाने के लिए आप मिरर वर्क, मल्टीकलर पॉमपॉम और यूनिक डिजाइन वाले परांदों का चुनाव कर सकती हैं, जो आपके एथनिक लुक को पूरा करेंगे। लोहड़ी पर्व बेहद खास माना जाता है। लोहड़ी त्योहार को धूमधाम से मनाया जाता है। महिलाएं पंजाबी लुक क्रिएट करती हैं। पारंपरिक पंजाबी लुक को निखारने के लिए महिलाएं अक्सर ट्रेडिशनल सूट के साथ बालों में परांदा स्टाइल करती हैं, जिससे उनकी खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। लोहड़ी जैसे खास मौके पर आप भी अपने हेयर स्टाइल को आकर्षक बनाने के लिए परांदे का इस्तेमाल कर सकती हैं। बाजार में परांदे के कई खूबसूरत डिजाइन उपलब्ध हैं, जिन्हें बालों में लगाकर आपका लुक और भी शानदार दिखाई देगा। आइए जानते हैं कि किस तरह के परांदे आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

**ट्रेडिशनल परांदा डिजाइन**

लोहड़ी पर ट्रेडिशनल परांदा डिजाइन ट्राई करना चाहती है, तो आप यह परांदा स्टाइल करें। इसमें आपकी चोटी बहुत ही प्यारी लगती हैं। इस तरह के परांदा आप मार्केट या ऑनलाइन खरीद सकते हैं। मिरर वर्क वाले परांदा आपके हेयर स्टाइल को खूबसूरत बना सकते हैं।

**मल्टी कलर परांदा**

आप अपने बालों को सजाने के लिए मल्टीकलर परांदे का चयन कर सकती हैं। इस तरह के परांदा लगाने के बाद हेयर स्टाइल बेहद आकर्षक दिखता है। बाजार में इसके कई डिजाइन आसानी से मिल जाते हैं, जिनमें शेल वर्क और रंग-बिरंगे पॉमपॉम लगे होते हैं। ऐसे परांदे आपके पूरे लुक में चार चांद लगा देते हैं और आपको और भी खूबसूरत बनाते हैं।

**यूनिक डिजाइन परांदा लगाएं**

अपने बालों को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप यूनिक डिजाइन परांदा का ट्राई कर सकते हैं। इस तरह के परांदा लगाने के बाद अच्छे लगते हैं। इस तरह के परांदा आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे।

**मिरर वर्क परांदा लगाएं**

लोहड़ी को खास मौके पर आप मिरर वर्क परांदा स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के परांदा आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन भी मिल सकते हैं। इसके साथ ही हेयर स्टाइल भी अच्छा नजर आता है। एथनिक लुक में यह परांदा जान डाल देगा। इसको चोटी में लगाकर आपका हेयर स्टाइल सुंदर लगेगा।



## चेहरे के लाल-दर्दनाक Pimples से हैं परेशान? मुल्तानी मिट्टी का ये देसी नुस्खा देगा

**चेहरे पर लाल और दर्दनाक फुंसियों से परेशान हैं तो न्यूट्रिशनिस्ट का बताया यह देसी नुस्खा आजमाएं, जिसमें मुल्तानी मिट्टी, नीम और मंजिष्ठा का लेप इस्तेमाल होता है। यह आयुर्वेदिक उपाय न केवल पिंपल्स की सूजन कम करता है बल्कि त्वचा को ठंडक देकर मुंहासों के निशान भी मिटाता है।**

आजकल सबसे ज्यादा चेहरे पर पिंपल्स होने की समस्या देखने को मिली है। आमतौर पर एक्ने की समस्या बहुत आम होती है, लेकिन बार-बार पिंपल्स चेहरे पर आना सही नहीं है। चेहरे पर निकलने वाले सभी पिंपल एक जैसे नहीं होते। कई बार त्वचा पर लाल, सूजे हुए और दर्द देने वाले पिंपल दिखाई देते हैं। ऐसा इसलिए होता है कि क्योंकि हमारे त्वचा में बहुत बारीक रोमछिद्र (पोर्स) होते है, जिनका काम प्राकृतिक तेल बनाना होता है। जिन लोगों की त्वचा ऑयली होती है उनकी ऑयल ग्रंथियां ज्यादा सक्रिय रहती है। जब इन ग्रंथियों से निकलने वाला अतिरिक्त तेल मृत त्वचा कोशिकाओं के साथ मिलकर पोर्स को बंद कर देता है, तब सूजन और इंफेक्शन के कारण लाल और दर्दनाक पिंपल्स बनने लगते हैं।

**इस नुस्खा को करें ट्राई**

त्वचा पर निकले छोटे-बड़े लाल दर्द देने वाले दानों से बचना चाहते हैं और समझ नहीं पा रहे हैं कि चेहरे पर कौन सी क्रीम या प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें, तो ये आर्टिकल आपके लिए हैं। हम आपको एक आयुर्वेदिक नुस्खा बताने जा रहे हैं, जिसका इस्तेमाल करने से मुंहासे की समस्या को कम किया जा सकता है। इस नुस्खे के लिए आपको बस 3 चीजों की जरुरत पड़ेगी।

**लाइफस्टाइल भी वजह है**

अक्सर खराब लाइफस्टाइल, बेकार डाइट और कई मामलों में अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। अनुवांशिक को यदि आसान शब्दों में समझें, तो इस स्थिति में कोई समस्या परिवार में चली आ रही है तो, ये एक जनरेशन से दूसरी जनरेशन को मिलती है। इसके अतिरिक्त, सही समय पर ना सोने, डाइट का ख्याल ना रखने और स्मोकिंग करने जैसी कई गलत आदतें हैं, जो फुंसियों के बढ़ने का कारण बन सकती है। इसके लिए चेहरे पर इस तरह के दाने निकल जाते हैं।

**नुस्खे में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री**

- 1 चम्मच मंजिष्ठा पाउडर
- 1 चम्मच नीम पाउडर
- 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी

**नुस्खा बनाने की विधि**

इस नुस्खे को बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में मजिष्ठा, नीम पाउडर और मुल्तानी मिट्टी को मिक्स कर लेना है। फिर इस मिश्रण में आपको थोड़ा गुलाब जल मिला लेना है। इससे गाढ़ा पेस्ट तैयार हो जाएगा। ध्यान रखें कि आपको इस पेस्ट को केवल मुहांसों पर लगाना है। इसे 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर आप चेहरा को धो लें।

**इस नुस्खे के फायदे**

- इस नुस्खा की मदद से त्वचा की गर्मी को ठंडा किया जा सकता है।
- चेहरे की सूजन कम करेगा। - मुंहासे के निशान भी धीरे-धीरे मिट जाएंगे।

## फटे होंठों को कहें Bye-Bye, घर पर बनाएं ये असरदार केसर-ग्लिसरीन बाम



सर्दियों में फटे होंठों की समस्या से निजात पाने के लिए घर पर केसर और ग्लिसरीन का लिप बाम बनाना एक कारगर उपाय है। यह बाम केसर के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से होंठों को ठीक करता है और ग्लिसरीन की मदद से नमी को लॉक करके उन्हें मुलायम और हाइड्रेटेड रखता है।

सर्दियों के मौसम में फटे होंठों की समस्या से लोग ज्यादा परेशान रहते हैं। सर्द हवाओं के कारण हमारे होंठों पर अधिक प्रभाव देखने को मिलता है। पूरा शरीर तो ढक जाता है फेस कवर नहीं करपाते हैं, जिससे शुष्क हवाएं होंठों की नमी छीनकर इन्हें ड्राई बना देते हैं और होंठ फटने भी लगते हैं। इसके अतिरिक्त स मौसम में लोगों को प्यास कम लगती है ऐसे में डिहाइड्रेशन की वजह से हमारे होंठ फटने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार हम होंठों को बार-बार चाटते हैं और इससे ये और फटने लगते हैं और ये सिलसिला बना रहता है। इसलिए आप भी फटे होंठों के लिए केसर-ग्लिसरीन क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं जो कि फटे होंठो को हाइड्रेट करने के साथ ही इसमें ग्लो भी लाता है। आइए आपको बताते हैं केसर और ग्लिसरीन होंठों के लिए किस प्रकार से फायदेमंद हैं।

**घर पर कैसे बनाएं केसर-ग्लिसरीन बाम**

- सबसे पहले 2 छोटे चम्मच कैरियर ऑयल के रुप में नारियल तेल लें।
- इसके बाद 1/2 छोटा चम्मच ग्लिसरीन लेकर नारियल तेल में मिला लें।
- इसमें एक चुटकी केसर डाल लें।
- अब इसमें विटामिन ई कैप्सूल खोलकर मिला लें।
- इन सबको मिलाने के बाद इसे एक कटोरी में रख लें।
- अब डबल बॉयलर मेथेड को अपनाते हुए एक बर्तन में पानी को उबाल लें और उबलते पानी के बर्तन के ऊपर एक प्लेट डालकर इस कटोरी को रख लें और फिर ढ़क दें।
- कुछ मिनटों के बाद ही इसे अच्छी तरह से पकने दें जब तक कि इससे भाप न निकलने लगें।
- फिर इस लिक्विड मिश्रण को किसी साफ लिप बाम कंटेनरों में डालें और ठंडा होकर जमने दें।
- अब कमरे के तापमान पर इसे ठंडा होने दें या पूरी तरह जमने के लिए 2-3 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें।
- फिर इसको इस्तेमाल करें।

**केसर-ग्लिसरीन बाम के फायदे**

केसर और ग्लिसरीन से बना लिप बाम त्वचा के लिए बेहद लाभकारी होता है। केसर में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण फटे और सूखे होंठों को जल्दी ठीक करने में मदद करते हैं। इसमें पाए जाने वाले क्रोसिन और क्रोसेटिन जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को फ्री रेडिकल्स के नुकसान से बचाते हैं, जिससे होंठ मुलायम बने रहते हैं और समय से पहले रूखापन या बेजानपन नहीं आता। वहीं ग्लिसरीन त्वचा में नमी बनाए रखने का काम करता है और होंठों को लंबे समय तक हाइड्रेटेड व मॉइस्चराइज रखता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ







बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170